हरिभूमि
धमतरी भूमि - Page 1
18 July 2025

# नियम बदलने से अधिवक्ताओं के पेशे पर संकट

- जनसुविधा केंद्रों को रजिस्ट्री दस्तावेज तैयार करने की छूट देने का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जनसुविधा केंद्रों और सामान्य व्यक्तियों को जमीन की रजिस्ट्री के दस्तावेज के प्रारूप को तैयार करने की छूट देने का विरोध करते हुए अधिवक्ताओं ने कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया। ज्ञापन सौंपकर उन्होंने एनजीडीआरएस साफ्टवेयर के लिए अधिवक्ताओं और पंजीकृत दस्तावेज लेखकों को आईडी पासवर्ड देने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भूमि की खरीदी-बिक्री एवं विक्रय से संबंधित दस्तावेजों (रजिस्ट्री) का प्रारूप तैयार करने की सुविधा जनसेवा केंद्रों (चॉइस सेंटर) अथवा अन्य सामान्य व्यक्तियों के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। अधिवक्ताओं और पंजीकृत दस्तावेज लेखकों ने इसका विरोध किया है। गुरुवार को कलेक्टोरेट में प्रदर्शन करते हुए उन्होंने बताया कि खरीदी बिक्री संबंधी दस्तावेज का काम अब तक अधिवक्ता और पंजीकृत दस्तावेज लेखक करते आ रहे हैं। इस नियम में बदलाव से उनकी आजीविका पर विपरीत असर पड़ेगा। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष भुनेश्वर सिन्हा ने कहा कि दस्तावेज लेखन एवं विक्रय पत्र का निर्माण एक तकनीकी एवं विधिक प्रक्रिया है, जो प्रत्यक्ष रूप से नागरिकों के संपत्ति अधिकारों, वित्तीय हितों तथा भविष्य के संभावित विवादों से जुड़ा होता है। यह कार्य केवल विधिक योग्यता एवं विशेषज्ञता रखने वाले



अधिवक्ताओं अथवा प्रमाणित दस्तावेज लेखकों द्वारा ही किया जाना चाहिए, जिससे दस्तावेज विधि सम्मत, स्पष्ट, त्रुटिरहित एवं विवाद रहित बना रहे। सचिव सौरभ मिश्रा ने बताया कि इस कार्य को जन सेवा केंद्रों व अन्य अप्रमाणित व्यक्तियों को सौंपे जाने से आम जनता को विधिक त्रुटियों के कारण भविष्य में गंभीर नुकसान उठाना पड़ सकता है। वर्षों से इस व्यवसाय से जुड़े अधिवक्ताओं एवं दस्तावेज लेखकों की आजीविका पर संकट मंडरा रहा है। यह न केवल उनके पेशे के अस्तित्व पर संकट उत्पन्न करता है, बल्कि न्यायिक प्रणाली की आत्मा के विरुद्ध भी है।

इस अवसर पर अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू, उपाध्यक्ष नंदकुमार सिन्हा, क्रीड़ा सचिव शंकर देवांगन, तारा देवांगन, मोहित देवांगन, सहसचिव अनादि त्रिपाठी, निमेष वाही, सुनील सालुंके, सचिन जाचक, यदुनंदन सिन्हा, अजय कुंभकार, रामजी साहू, मनोहर लच्छवानी, प्रकाश गुप्ता, दिव्यांशु साहू, हरेश कुमार नाग, तोरण तिवारी, पंकज ओझा, रामेश्वरी देवांगन, गौरव सोलंकी, किशोरपुरी गोस्वामी, माया कोल, गायत्री माया गोस्वामी, राजेश सिन्हा, विशाल रणसिंह, योगेश्वरी साहू, त्रिभुवन साहू, अशोक मोहन साहू, अंतरा ठाकुर, तनेश्वरी साहू, अनिल साहू सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969